# विश्वविद्यालय स्तरीय फुटबॉल में अमित बारिक का चयन




**सरायपाली**, 22 नवंबर (देशबंधु)। स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के प्राचार्य पीके भोई के निर्देशन क्रीड़ा प्रभारी राज किशोर पटेल एवं क्रीड़ा अधिकारी पीतांबर कश्यप के मार्गदर्शन में महाविद्यालय का छात्र-अमित बारिक का पुनः चयन रविशंकर विश्वविद्यालय कीफुटबॉल पुरुष टीम में हुआ। इसके पहले सत्र 2021-22 में भी सेंटर फॉरवर्ड खेलने वाले महाविद्यालय के छात्र अमित बारीक का चयन रविशंकर विश्वविद्यालय कीफुटबॉल टीम में हुआ था। फुटबॉल टीम प्रैक्टिस कैम्प 7 नवंबर से 12 नवंबर तक रायपुर में किया गया। ट्रेनिंग कैंप के पश्चात यूनिवर्सिटी फुटबॉल पुरुष टीम को बीआईटी विश्वविद्यालय रांची खेलाने हेतु लिया गया। रविशंकर विश्वविद्यालय फुटबॉल टीम का प्रथम मुकाबला भुवनेश्वर विश्वविद्यालयसे हुआ जिसमें रविशंकर विश्वविद्यालयकी फुटबॉल टीम 3-0 से विजय हुई। विजय के पश्चात द्वितीय मुकाबला कल्याणी विश्वविद्यालयकोलकाता से हुआ जिसमें कल्याणी विश्वविद्यालय1-0 से विजय हुई। बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र-अमित बारीक का फुटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में किए गये उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा अमित बारिक एवं महाविद्यालय की क्रीड़ा विभाग को शुभकामनाओं के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

हरिभूमि
रायपुर - महासमुंद भूमि
12 Oct 2022

# सेक्टर स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय बना उपविजेता



**सरायपाली**। स्व राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एएल पटेल के मार्गदर्शन में एवं क्रीड़ा प्रभारी राज किशोर पटेल एवं क्रीड़ा अधिकारी पितांबर कश्यप के निर्देशन में सेक्टर स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। इसमें सेक्टर के महाविद्यालयों ने भाग लिया। महाविद्यालय की टीम ने बलौदा बाजार को 2-0 से हराकर के फाइनल में प्रवेश की, महाविद्यालय के फुटबॉल टीम का फाइनल में मुकाबला कसडोल महाविद्यालय से हुआ। जिसमें कसडोल महाविद्यालय विजेता एवं शासकीय महाविद्यालय सरायपाली उपविजेता रहा। खेल के दौरान फुटबॉल टीम के

हरिभूमि
रायपुर - महासमुंद भूमि
18 Nov 2022

बालिकाओं के नृत्य का तारीफ मंच के लिए तैयार करने में

# विकासखंड युवा महोत्सव कबड्डी में महिला टीम विजेता एवं पुरुष टीम उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली



स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के प्राचार्य पीके भोई के निर्देशन क्रीड़ा प्रभारी राज किशोर पटेल एवं क्रीड़ा अधिकारी पीतांबर कश्यप के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के कबड्डी (महिला वर्ग) एवं कबड्डी (पुरुष वर्ग) की टीम विकासखंड युवा महोत्सव 2022-23 प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिसमें महाविद्यालय की महिला वर्ग कबड्डी टीम विजेता एवं पुरुष वर्ग कबड्डी टीम उपविजेता रही तथा राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा पूनम भोई (कबड्डी महिला वर्ग), छात्र नोहर सिंह (कबड्डी पुरुष वर्ग), छात्र लव कुमार पोते (एथलेटिक्स 100 मी दौड़), छात्र अमित बारिक (फुटबॉल पुरुष) एवं छात्र तरुण बारी (फुटबॉल पुरुष) चयनित हुए। छात्र-छात्राओं द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा चयनित खिलाड़ियों एवं पूरी टीम को शुभकामनाएं दी है।



# क्रीड़ा समिति का मनोनयन अखिलेश पांडे बने कप्तान



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सरायपाली.** स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के प्राचार्य डॉ. एएल पटेल के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा प्रभारी राजकिशोर पटेल के निर्देशन में बुधवार 21 सितंबर को 3 बजे महाविद्यालय में क्रीड़ा एवं खेलकूद संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने की। इस सत्र 2022-23 के लिए क्रीड़ा गतिविधियों को सुचारू रूप से कप्तान अंकित नंदे (बीएससी द्वितीय वर्ष) एवं छात्रा वर्ग से कप्तान जयंती साहू (बीएससी अंतिम वर्ष) एवं उप कप्तान पूनम (एमकॉम प्रथम सेमेस्टर) का नाम सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एएल पटेल ने कहा कि अभ्यास खिलाड़ी को परिपक्व को बनाता है। खेल से शरीर स्वस्थ एवं मजबूत होता है, इसलिए नई शिक्षा नीति 2020 में खेल को शामिल किया गया है। इससे की विद्यार्थियों का समग्र और सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर राज किशोर







12/10/2022

# सेक्टर स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा में सरायपाली कॉलेज रहा उपविजेता



पत्रिका स्पोर्ट्स कॉर्नर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सरायपाली.** स्व राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के प्राचार्य डा. एएल पटेल के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा प्रभारी राज किशोर पटेल व क्रीड़ा अधिकारी

सेक्टर स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। इसमें सेक्टर के महाविद्यालयों ने भाग लिया। महाविद्यालय की टीम ने बलौदाबाजार को 2-0 से हरा कर के फाइनल में प्रवेश किया। महाविद्यालय के फुटबॉल टीम का फाइनल में मुकाबला कसडोल महाविद्यालय से हुआ। इसमें कसडोल महाविद्यालय विजेता एवं शासकीय महाविद्यालय सरायपाली उपविजेता रहा। फुटबॉल टीम के


Samsung 64 MP Camera
Vinod




REDMI NOTE 10S | MR TUSHAR


Samsung 64 MP Camera
Vinod



# शा महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग के पदाधिकारियों व सदस्यों का मनोनयन

**सरायपाली**, 22 सितंबर (देशबंधु)। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के प्राचार्य डॉ.एएल पटेल के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा प्रभारी राजकिशोर पटेल के निर्देशन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने की। सत्र 2022-23 के लिए क्रीड़ा गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन के लिए छात्र क्रीड़ा समिति का मनोनयन किया गया। इसमें छात्र वर्ग से कप्तान - अखिलेश पांडे (एमकॉम प्रथम सेमेस्टर) उप कप्तान- अंकित नंदे (बीएससी द्वितीय वर्ष) एवं छात्रा वर्ग से कप्तान- जयंती साहू (बीएससी अंतिम वर्ष) एवं उप कप्तान -पूनम हुई (एमकॉम प्रथम सेमेस्टर) का नाम सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एएल पटेल ने कहा -जीवन में खेलों का महत्व विभिन्न विधाओं में खिलाड़ियों की उपलब्धियों के साथ-साथ और अभ्यास खिलाड़ी को परिपक्व को बनाती है।खेल से शरीर स्वस्थ एवं मजबूत होता है नई शिक्षा नीति 2020 में खेल को शामिल किया गया है। जिससे कि विद्यार्थियों का समग्र और सर्वांगीण विकास हो सके। महाविद्यालय के विद्यार्थी सेक्टर स्तरीय ,विश्वविद्यालय स्तरीय, राज्य तथा राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर स्वयं को गौरवान्वित कर सकते हैं तथा महाविद्यालय का नाम रोशन कर सकते हैं।भारत सरकार भी खेल के गतिविधियों को महत्व दे रही है और विभिन्न संस्थाएं भी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन कर कर रही हैं।जो आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्राप्त कर सकते हैं इस बैठक में क्रीड़ा प्रभारी राज किशोर पटेल, खेलकूद संचालन समिति के सदस्य प्राची गुप्ता, दीपक पारेश्वर, क्रीड़ा अधिकारी पीतांबर कश्यप, कार्यक्रम अधिकारी यू.के.बरिहा सहित महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीताम्बर बाघ एवं आभार प्रदर्शन राजकिशोर पटेल ने किया।